आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–28 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण वाली संसदीय सीटों को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो गया है। सभी राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के लिए वोट मांगने मे जुटे हुए हैं। इसके लिए वह जनसभाऐं और रैलियां कर रहें हैं। वरिष्ठ नेताओं के रोड शो भी आयोजित हो रहे हैं। प्रत्याशियों ने अपने–अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ घर–घर जा कर जन संपर्क करने का अभियान भी तेज कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बदायूं के बिल्सी में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की ओर से चलायी गयी जन कल्याणकारी योजनाओं को बिना किसी भेद–भाव के समाज के हर वर्ग तक पहुचाया गया। ऐसा सिर्फ भाजपा सरकार ही कर सकती है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कानून व्यवस्था और माफिया को लेकर विपक्षी दल सपा को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने सपा समर्थित माफियाओं को ठिकाने लगा कर उनकी कमर सीधी कर दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आज इटावा में भाजपा प्रत्याशी प्रोफेसर रामशंकर कठेरिया के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति कर रही है और कांग्रेस झूठ की।

श्री शाह ने आज एटा और मैनपुरी लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में भी जनसभा की और लोगों से उनके पक्ष मे मतदान की अपील की। उधर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बरेली में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पेपर लीक हुए, परीक्षायें निरस्त हुयीं। किसानों के आन्दोलन को दबा दिया गया। सरकार का यह कार्य अहंकार भरा था, जिसे जनता हरगिज स्वीकार नहीं करेगी और मतदान के जरिये सबक सिखायेगी।

****

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में चौथे चरण के लिए दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो गयी गयी है जांच में एक सौ अड़तीस प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं जबकि बयासी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र को खारिज कर दिया गया है। चौथा चरण में नामांकन पत्र दाखिल करने वाले प्रत्याशी कल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण में तेरह संसदीय सीटों पर तेरह मई को मतदान होगा। चौथे चरण की तेरह सीटें है– शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच।

****

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण की चौदह लोकसभा सीटों और लखनऊ पूर्व विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। पांचवे चरण की सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि तीन मई है। चार मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और छह मई तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेगें। पांचवे चरण में मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बांराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा संसदीय सीट पर बीस मई को मतदान होगा।

****

लोकसभा चुनाव के छठे चरण की प्रदेश की चौदह सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया कल से शुरू हो जाएगी। प्रत्याशी छठे चरण के सीटों के लिए छह मई तक नामांकन पत्र भर सकेगें। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगीं। नौ मई नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि होगी। छठे चरण की सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछली शहर सीटों के लिए मतदान पच्चीस मई को होगी। छठे चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरू करने की सभी तैयारियां सभी जिलों के जिला प्रशासन ने पूरी कर ली हैं।

****

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दे दी है, लेकिन उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जौनपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने अपहरण और जबरन वसूली मामले में उनको सात साल की सजा सुनाई थी। सजा बरकरार रहने के कारण धनंजय सिंह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का अपहरण कराने, रंगदारी मांगने और धमकी देने के आरोपित धनंजय सिंह की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

****

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में इन दिनों भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। अधिकतर जिलों में तापमान चालीस डिग्री के आसपास रिकॉर्ड किया जा रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी जिलों में बूंदाबांदी से लेकर हल्की बर्षा तक का पूर्वानुमान जताया है। पीलीभीत में आज तड़के बूंदाबांदी हुई। कई अन्य जिलों में भी बादलों के छाये रहने और बूंदाबांदी होने की खबर है। प्रदेश के पूर्वी जिलों में मौसम गर्म बना हुआ है और तेज लू चलने से जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो गया। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी जिलों मे फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की उमीद नही है।

****